महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा करेंगी ध्वजारोहण
तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

वर्धा, 14 अगस्त, 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार 15 अगस्त को 09:30 बजे वाचस्पति भवन के प्रांगण में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करेंगी। इसके बाद परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार,13 अगस्त को अटल बिहारी वाजपेयी भवन में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगों के माध्यम से हम सब एक हैं, मेरा भारत महान का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार लिप्सा महाराणा ने, द्वितीय पुरस्कार वृषाली बकाल ने, तृतीय पुरस्कार आंचल मारोती डोंगरे ने एवं प्रोत्साहन पर पुरस्कार मोनिका मरसकोल्हे ने प्राप्त किया। सोनू भौसिंगका, मनीषा भारती, हर्ष गुप्ता, दीपक कुमार, ज्योति बंसतपुरे, प्रिया माळी ने प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता की। निर्णायक के रूप में अनुवाद अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीरा निचळे, शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्गट व डॉ. राम अवध ने योगदान दिया। प्रतियोगिता का संयोजन जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने किया।

हिंदी विश्वविद्यालयात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा करणार ध्वजारोहण
'तिरंगा रंगोली' स्पर्धेचे आयोजन

वर्धा, १४ ऑगस्ट २०२५ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात भारताच्या ७९ व्या स्वातंत्र्य दिनानिमित्त शुक्रवार, १५ ऑगस्ट रोजी सकाळी ९:३० वाजता वाचस्पती भवनाच्या प्रांगणात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या हस्ते ध्वजारोहण करण्यात येणार आहे. या कार्यक्रमानंतर वृक्षारोपण अभियान राबविण्यात येईल.

स्वातंत्र्य दिनानिमित्त 'हर घर तिरंगा' अभियानांतर्गत बुधवार, १३ ऑगस्ट रोजी अटल बिहारी वाजपेयी भवनात 'तिरंगा रंगोली स्पर्धेचे आयोजन करण्यात आले. या स्पर्धेत विद्यार्थ्यांनी उत्स्फूर्त सहभाग नोंदवला आणि देशभक्तीच्या भावनेने प्रेरित होऊन विविध रंगांच्या रांगोळीतून आपण सर्व एक आहोत, माझा भारत महान हा संदेश दिला. या स्पर्धेत लिप्सा महाराणा हिने प्रथम पुरस्कार, वृषाली बकालने द्वितीय पुरस्कार, आंचल मारोती डोंगरे हिने तृतीय पुस्कार तर मोनिका मरसकोल्हे ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त केला. सोनू भौसिंगका, मनीषा भारती, हर्ष गुप्ता, दीपक कुमार, ज्योती बसंतपुरे आणि प्रिया माळी यांनीही या स्पर्धेत सक्रिय सहभाग घेतला. स्पर्धेचे परीक्षण अनुवाद अध्ययन विभागाच्या सहायक प्राध्यापक डॉ. मीरा निचळे, शिक्षण विभागाच्या सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा बर्गट आणि डॉ. राम अवध यांनी केले तर संयोजन जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे यांनी केले.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305